**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 01.07.2024**

**थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर लूटेरा गिरफ्तार, कब्ज़े से लूटी गयी 01 कार व चाकू बरामद।**

**घटना का विवरणः-**

आज दिनांक 01.07.2024 को वादी सुनील चौहान पुत्र प्रेम सिंह चौहान निवासी ग्राम भातू खेड़ी गढी पूख्ता जनपद शामली द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की कार स्विफ्ट डिजायर को चाकू दिखाकर छीन कर ले जाने सम्बन्ध मे थाना कविनगर पर तहरीर दी गयी। जिस पर तत्काल थाना कविनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही का विवरणः-**

घटना के अनावरण हेतु टीम गठित की गयी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व लोकल इनपुट तथा इलेक्ट्रनिक्स सर्विलान्स के आधार पर थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा मुकदमे में प्रकाश में आया अभियुक्त राजचैतन त्यागी पुत्र स्व0 अनिल त्यागी निवासी कालन्द थाना सरधना मेरठ उम्र 32 वर्ष को आईएमटी कॉलेज आवासीय कैम्पस मेरठ रोड मोड़ से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्त राज चैतन त्यागी से पूछताछ की गयी तो बताया कि आज दिनांक 01.07.24 को मैने एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर उसकी कार छीन ली थी। जिससे मैं अन्य घटना कारित करने की योजना बना रहा था।

**बरामदगीः-**

1. स्विफ्ट डिजायर कार
2. एक चाकू

**अभियुक्त का नाम पता-**

राजचैतन त्यागी पुत्र स्व0 अनिल त्यागी निवासी कालन्द थाना सरधना मेरठ

**आपराधिक इतिहास**

राजचैतन त्यागी पर कमिश्नरेट ग़ाज़ियाबाद में आर्म्स एक्ट के 02 अभियोग, अपहरण करके हत्या का 01 अभियोग व जनपद मेरठ में आर्म्स एक्ट का 01 अभियोग, डकैती का 01 अभियोग, हत्या का प्रयास का 01 अभियोग कुल 6 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाले टीमः-**

थाना कविनगर पुलिस टीम।

**थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा शेयर ट्रेडिंग साइबर फ्रॉड के 02 अभियुक्त गिरफ्तार, मोबाइल फोन, चेकबुक, एटीएम कार्ड, Wi-Fi डोंगल, सिम कार्ड, लैपटाप, आधार कार्ड, पैन कार्ड बरामद तथा कमिश्नरेट गाजियाबाद की 3 घटनाओं सहित 23 राज्यों की 168 घटनाओं में कुल 22 करोड़ 42 लाख 38 हजार रुपये के साइबर फ्रॉड का खुलासा**

श्री कुशल पाल सिंह से कुल 70,00,000/- रूपये भगवंत कुमार सिंह बोरा से 24,81,000/- रुपये व श्री राहुल राजा से 52,51,100/- रुपये की शेयर टेडिंग के नाम पर कूटरचित शेयर ट्रेडिंग ऐप "Techstars" और "UICICR" आदि मोबाइल Apps का प्रयोग कर फर्जी शेयर ट्रेडिंग साइबर फ्रॉड करने वाले विदेश में बैठे साइबर अपराधी से सीधे जुडे दो अभियुक्तों को दिनांक 30.06.2024 को गिरफ्तार कर कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीन मुकदमों का अनावरण करते हुए कुल 23 राज्यों में घटित 168 घटनाओं में पीडितों से कुल 22 करोड़ 42 लाख 38 हजार 589 रुपये के साइबर अपराध की घटनाओं का खुलासा किया गया। कमिश्नरेट गाजियाबाद की तीन घटनाओं में से दो में कुल 36 लाख रुपये की रिकवरी की गई है।

इन अभियुक्तों द्वारा 23 राज्यों में घटित 168 घटनाओं के पीडितों तथा मुकदमे के विवेचकों से सम्पर्क कर उनके मुकदमे में इनके विरुध्द अग्रिम कार्यवाही हेतु पत्राचार किया जा रहा है।

**अपराध कारित करने का तरीका**

साइबर अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर ट्रेडिंग से सम्बन्धित वीडियों अपलोड़ किये जाते हैं, पीडित द्वारा इन वीडियो को देखकर इस वीडियों में दिये गये लिंक के माध्यम से साइबर ठगों द्वारा उन्हें विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप जैसे RAM INVESTMENT ACADEMY 146, Techstars VIP-Service-Team[33066], 100 icici Securities official stock एवं A07 ICICI Securities Official Stock से जोड़ा जाता है। इन व्हाट्सअप ग्रुपों में पीडितों को शेयर ट्रेडिंग क्षेत्र से सम्बन्धित प्रतिष्ठित व्यक्तियों की फेक प्रोफाइल पिक्चर व्हाट्सअप डीपी लगाकर उनके माध्यम से शेयर ट्रेडिंग के टिप्स दिये जाते हैं। पीडितों को शेयर ट्रेडिंग के प्राइमरी मार्केट से Institutional Account खुलवाकर शेयर ट्रेडिंग का लालच दिया जाता है। इस Institutional Account के माध्यम से पीडित को शेयर मार्केट के Upper Circuit के शेयर एवं कम्पनियों के IPO असीमित मात्रा में सीधे कम्पनियों से खरीदवाने का लालच देकर व्हाट्सअप ग्रुप पर लिंक द्वारा "Techstars", "UICICR", "TXICIC" और "eicicre" जैसे कूटरचित शेयर ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाये जाते हैं।

शेयर ट्रेडिंग ऐप पर शेयर ट्रेडिंग के लिए पीडित की User ID व Password बनवाया जाता है। इन एप में शेयर ट्रेडिंग हेतु पीडित से व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से विभिन्न बैंक के भिन्न भिन्न बैंक खाते शेयर किये जाते हैं तथा उनमें पीडित से पैसा ट्रान्सफर कराया जाता है तथा इन ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशाट प्राप्त कर अपराधी इन ऐप पर पीडित के User Id पर शेयर ट्रेडिंग हेतु इस ट्रांजैक्शन को अपडेट किया जाता है एवं इस एप फर्जी शेयर ट्रेडिंग कराकर मुनाफे के रुप में एक राशि लगातार बढते क्रम में दर्शायी जाती है। पीडित जब इस एप के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग से बढे हुए मुनाफे को निकालने का प्रयास करता है तो ये साइबर अपराधी पैसे निकालने के लिये मुनाफे पर टैक्स और सरचार्ज बताकर और अधिक पैसा जमा करवाते हैं। टैक्स का पैसा जमा करने पर भी जब पैसा नहीं निकाल पाते तब पीडित को अपने साथ हुई साइबर फ्रॉड की घटना का पता चलता है। अभियुक्तों द्वारा फर्जी फर्मों के नाम पर करेन्ट अकाउन्ट खुलवाकर विदेश में बैठे फ्रॉडस्टर को अकाउन्ट के क्रेडेन्शियल व्हाट्सअप पर भेज दिये जाते हैं। धोखाधड़ी की ट्रांजैक्शन इन खातों पर होती है तथा ट्रांजैक्शन की OTP विदेश में बैठे फ्रॉडस्टर को भेजने के लिये एक SMS AtOtp Forwarder एप का इस्तेमाल किया जाता है। इस एप के माध्यम से OTP विदेश में इन्टरनेट के माध्यम से चला जाता है। इन घटनाओं में उपरोक्त व्हाट्सअप ग्रुप का प्रयोग कर तथा उपरोक्त फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप का इस्तेमाल कर शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड की घटना कारित की गई थी।

**पूछताछ का विवरण**

इन घटनाओं में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ एवं प्राप्त साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार इन अभियुक्तों ने बताया कि ये लोगों से फर्जी कम्पनियों के नाम पर करेन्ट अकाउन्ट खुलवाकर इन खातों को हुसैन नामक व्यक्ति को, जो कि विदेश में रहता है, बेच दिया करते थे। इसके बदले में हुसैन इनके Binance अकाउन्ट में USDT, Crypto Currency के माध्यम से भुगतान करता था। अभियुक्तों के Binance अकाउन्ट को चैक करने पर विगत 6 माह में कुल 17,033 USDT Crypto Currency में भुगतान किया गया था जो कि भारतीय रुपये में करीब 15 लाख रुपये होते हैं। राहुल कुमार साहू, हुसैन से

बैंकिंग ट्रांजैक्शन से सम्बन्धित OTP फ्रॉडस्टर को विदेश में भेजने वाला एप का लिंक प्राप्त कर चेतन शर्मा तथा पूर्व में गिरफ्तार किये गये उसके साथी रवि शर्मा, सुशील शर्मा, भानु राघव व वाँछित चल रहे मनोज कुमार कठैत को देता था तथा इन लोगों के माध्यम से फर्जी फर्मों के करेन्ट खाते लेकर हुसैन को दिया करता था।

दिनांक 30.06.2024 को चेतन शर्मा और राहुल कुमार साहू को धोखाधड़ी के सामान के साथ बजरिया मोड़ निकट गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. चेतन शर्मा पुत्र स्व0 श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी एफ 325 गोविन्द नगर 80 फुटा रोड़ थाना गोविन्द नगर जनपद मथुरा
   उम्र करीब 39 वर्ष
2. राहुल कुमार साहू उर्फ मोनू पुत्र स्व0 श्यामलाल तेली निवासी ग्राम आमली थाना गंगापुर जिला भीलवाड़ा राजस्थान
   उम्र करीब 25 वर्ष

**बरामदगी का विवरण -** 05 मोबाइल फोन, 01 चेकबुक, 6 एटीएम कार्ड, 01 वाई फाई डोंगल, 04 सिम कार्ड, 01 लैपटाप, 01 आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम, कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**23 राज्यों में घटित 168 घटनाओं का राज्यवार विवरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ANDHRA PRADESH | 12 | PUNJAB | 2 |
| BIHAR | 5 | RAJASTHAN | 2 |
| CHANDIGARH | 1 | TAMIL NADU | 7 |
| DELHI | 14 | TELANGANA | 20 |
| GUJARAT | 20 | UTTAR PRADESH | 7 |
| HARYANA | 3 | UTTARAKHAND | 3 |
| JHARKHAND | 2 | WEST BENGAL | 11 |
| KARNATAKA | 13 | ASSAM | 1 |
| KERALA | 9 | CHHATTISGARH | 2 |
| MADHYA PRADESH | 6 | JAMMU & KASHMIR | 1 |
| MAHARASHTRA | 21 | PUDUCHERRY | 1 |
| ODISHA | 5 | | |


**23 राज्यों में घटित 168 घटनाओं में से निम्नलिखित एफआईआर सम्बन्धित से सम्पर्क कर प्राप्त की गई।**

| Fir No. | Police Station | District | State |
|---|---|---|---|
| 0209/2024 | CANTONMENT (CHAWANI) | AURANGABAD CITY | MAHARASHTRA |
| 0462/2024 | THALIPARAMBA | KANNUR RURAL | KERALA |
| 103/2024 | KUVEMPUNAGAR | MYSURU CITY | KARNATAKA |
| 21/2024 | UPD, | CUTTACK | ODISHA |


| | | | |
|---|---|---|---|
| 41/2024 | TALTOLLA | KOLKATA CENTRAL DIVISION | WEST BENGAL |
| 410/2024 | East CEN Crime PS | BANGALORE CITY | KARNATAKA |
| 622/2024 | Cyber Crime PS | Rachakonda | TELANGANA |
| 69/2024 | CYBER CRIME POLICE STATION | LUCKNOW | UTTAR PRADESH |
| 90/2024 | Pargi | Vikarabad | TELANGANA |
| 0042/2024 | Cyber Crime | Outer District New Delhi | New Delhi |
| 0008/2024 | Cyber Crime | UdhamSingh Nagar | Uttarakhand |
| 1089/2024 | Cyber Crime | Hyderabad | Telangana |




<u>शेयर ट्रेडिंग फ्रौड हेतु प्रयोग किया गया whatsapp ग्रुप</u>




<u>शेयर ट्रेडिंग फ्रौड हेतु प्रयोग किया गया कूट रचित मोबाइल एप</u>




**<u>बैंकिंग ट्रांजैक्शन से सम्बन्धित OTP फ्रॉडस्टर को विदेश में भेजने वाला एप।</u>**